दैनिक

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

बर्षः- 04
अंकः-89
मुरादाबाद
19 July 2024
(Friday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## ट्रंप पर हमले का जिक्र कर भाजपा ने उठाया पीएम मोदी पर आक्रामक टिप्पणियों का मुद्दा, विपक्ष पर साधा निशाना



रविशंकर ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कई बार राहुल गांधी भी गैर जिम्मेदाराना बयान दे देते हैं। लोकतंत्र में आपको असहमति का अधिकार है, लेकिन इतनी मर्यादा होनी चाहिए कि हिंसा में किसी राजनेता को निशाना न बनाया जाए। अमेरिका में पिछले हफ्ते चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व राष्ट्रपति और राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर हमला किया गया। इस हमले में वह बाल-बाल बच गए। ट्रंप पर किए गए हत्या के प्रयास की भारत में भी निंदा की गई। ट्रंप पर हुए इस हमले के बाद भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर किए गए आक्रमक टिप्पियों का मुद्दा उठाया। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि लोकतंत्र में ऐसा नहीं होना चाहिए। यहां असहमति का अधिकार है, लेकिन ऐसी असहमति, जिससे हिंसा हो यह सही नहीं है। इसी के साथ विपक्ष पर भी निशाना साधा गया। भाजपा नेता ने यूपी के पूर्व डीजीपी के लेख पर प्रतिक्रिया- रविशंकर प्रसाद ने डोनाल्ड ट्रंप पर हुए इस हमले की निंदा की। उन्होंने कहा, 卐अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हत्या का प्रयास किया गया। भगवान की कृपा से वह सुरक्षित हैं और अपराधी के खिलाफ कार्रवाई की गई। लोकतंत्र में ऐसा नहीं होना चाहिए। यहां असहमति का अधिकार है, लेकिन ऐसी असहमति जिससे हिंसा हो और राजनेताओं को निशाना बनाया जाए, यह सही नहीं।卐भाजपा नेता ने आगे कहा, उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने एक अखबार में लेख लिखा, जिसमें उन्होंने बताया कि जिस तरह से भारत के पीएम मोदी पर निशाना साधा गया है, उससे उन पर हिंसा बढ़ सकती है। रविशंकर ने कहा, इसका सबूत भी है। 2013 में पटना में उनपर हमला हुआ था, जिसमें छह लोगों की मौत हुई थी। जब वह पंजाब गए, तब उनका रास्ता बदल दिया गया। इस दौरान रविशंकर ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कई बार राहुल गांधी भी गैर जिम्मेदाराना बयान दे देते हैं। लोकतंत्र में आपको असहमति का अधिकार है, लेकिन इतनी मर्यादा होनी चाहिए कि हिंसा में किसी राजनेता को निशाना न बनाया जाए। सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्ष को घेरा -यूपी के पूर्व डीजीपी के लेख पर भाजपा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 卐आज देश के एक अंग्रेजी अखबार में एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने लेख लिखा है। लेख में उन्होंने सुरक्षा से जुड़ी वर्तमान वैश्विक गतिविधियों और उनके भारत पर पड़ने वाले प्रभाव की ओर ध्यान आकर्षित किया है। आप जानते हैं कि एक-डेढ़ साल पहले जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की एक राजनीतिक कार्यक्रम में हत्या कर दी गई थी। कुछ दिन पहले अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर हत्या का प्रयास किया गया था, जिसमें वह बाल-बाल बचे थे। सुधांशु त्रिवेदी ने आगे कहा, 卐उन्होंने (विक्रम सिंह) कहा कि हिंसा और हत्या को भड़काने वाली ऐसी प्रवृत्तियां ऐसे बयानों से प्रेरित होती हैं, जिसमें राजनीतिक दल अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए %हिंसा% और %हत्या% जैसे शब्दों का इस्तेमाल करना चाहते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण और चिंता का विषय है कि हिंसा के लिए उकसाने वाले ऐसे शब्द और भाषा का इस्तेमाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कई बार पीएम मोदी के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया।

अगर आप लोकसभा में विपक्ष के नेता बन गए हैं, तो थोड़ी परिपक्वता दिखाएं। इसलिए, मैं सभी राजनीतिक दलों से आग्रह करना चाहूंगा कि %हिंसा%, %हत्या%, %किसी के प्रति आक्रमण%, %मारना-पीटना% और %कब्र खुदेगी% जैसे शब्दों का इस्तेमाल बंद होना चाहिए। अश्विनी वैष्णव ने भी साधा निशाना- इस मामले में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में शब्दों का चयन बहुत महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी के लिए विपक्ष की तरफ से जित तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है, वह चिंताजनक है। हिंसा और हत्या जैसे शब्द सीधा परिणाम देते हैं। यह समाज में चिंता उत्पन्न करते हैं। विपक्ष को इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उन्हें अपनी राजनीतिक गरिमा बरकरार रखनी चाहिए।

## कुपवाड़ा में मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने दो आतंकी किए ढेर, डोडा में भी ऑपरेशन जारी

उत्तरी कश्मीर के जिला कुपवाड़ा के सीमांत क्षेत्र केरन में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई है। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर लिया है। फायरिंग हो रही है। जम्मू संभाग के जिला डोडा के बाद कश्मीर के उत्तरी इलाके के जिला कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में मुठभेड़ शुरू



हो गई है। गुरुवार को सीमांत क्षेत्र केरन में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी हुई। मौके पर सेना की 6 आरआर और पुलिस के एसओजी के जवानों ने मोर्चा संभाला हुआ है। यहां, जवानों ने दो आतंकवादी मार गिराए हैं।जम्मू कश्मीर में गुरुवार को मौसम बिगड़ा हुआ है। कई इलाकों में बारिश हुई है। बादल छाए हुए हैं। इससे पहाड़ी इलाके धुंध से घिर जाते हैं। इसी बीच सुरक्षाबल आतंकियों से लोहा ले रहे हैं। उधर, डोडा में भी मुठभेड़ चल रही है। बिगड़े मौसम के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है। डोडा में सोमवार से आतंकियों की तलाश के लिए अभियान चल रहा है। डोडा में चार दिनों में ये तीसरी मुठभेड़ है, लेकिन अभी सुरक्षाबलों को सफलता नहीं मिल पाई है। घने जंगल, ऊंचे पहाड़ और बिगड़ा हुआ मौसम सुरक्षाबलों के लिए चुनौती बना हुआ है, लेकिन जवान डटे हुए हैं। एक अधिकारी ने कहा कि जल्द ही आतंकियों का सफाया किया जाएगा। रामबन-डोडा रेंज के डीआइजी श्रीधर पाटिल ने कहा कि ऑपरेशन अभी चल रहा है। जल्द इसे पूरा कर लिया जाएगा।देर रात करीब दो बजे डोडा के कास्तीगढ़ इलाके में हुई मुठभेड़ में दो जवान घायल हुए हैं। उन्हें राजकीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद कमान अस्पताल भर्ती कराया गया है। यहां उनका उपचार चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में सर्च ऑपरेशन चल रहा है। इसी बीच रात में सेना ने संदिग्ध गतिविधियां देखी। तुरंत तलाशी के दौरान आतंकवादियों से संपर्क स्थापित हुआ, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि शुरुआती गोलीबारी के दौरान सेना के दो जवान घायल हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में हुई सर्जरी, गंभीर बीमारी के मरीजों के लिए नई उम्मीद

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. योगेश ने बताया कि प्रत्यक्ष शल्य चिकित्सा कार्यशालाओं के दौरान भगंदर (फिस्टुला-इन-एनो), अर्श (बवासीर), पिलोनिडल साइनस, पित्ताशय की पथरी, हार्निया के रोगियों पर वीएएएफटी, लेप्रोस्कोपी तथा लेजर जैसी नई तकनीकों समेत पारंपरिक शल्य विधियों का उपयोग करके ऑपरेशन किए गए।अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में बीते सप्ताह दो दिनों के भीतर 25 मरीजों की सर्जरी की गई। इन मरीजों को अलग-अलग तरह की बीमारियां थीं। जिनका आयुर्वेदिक प्रक्रिया के माध्यम से शल्य क्रिया कर उपचार किया गया। इस दौरान अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की निदेशक प्रोफेसर तनुजा नेसारी ने कहा कि आयुर्वेद के माध्यम से गंभीर से गंभीर बीमारियों का बेहतर इलाज संभव है। संस्थान में द्वितीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सौश्रुतम् शल्य संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसमें देश के अलग-अलग हिस्सों से चिकित्सकों ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे एम्स भोपाल के संस्थापक निदेशक प्रोफेसर संदीप कुमार ने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से गंभीर बीमारियों को भी दूर किया जा सकता है। ' आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से शल्य क्रिया की जा रही है, वह अपने में एक बेहतरीन पद्धति को आगे बढ़ा रही है। कार्यक्रम में मौजूद देश के नामी शिक्षकों सर्जनों ने इस कार्यक्रम में शिरकत करते हुए

### चंडीगढ़ एक्सप्रेस के 14 डिब्बे पटरी से उतरे, तीन यात्रियों की मौत, 14 जख्मी

गोंडा जिले के गोंडा-मनकापुर रेलखंड के बीच चंडीगढ़ एक्सप्रेस के 14 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसा मोतीगंज थाना क्षेत्र के पिकौरा गांव के पास हुआ।गोंडा जिले के गोंडा- मनकापुर रेलखंड के बीच चंडीगढ़ एक्सप्रेस के 14 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में तीन लोगों की मौत की खबर है जबकि 14 लोग जख्मी हो गए हैं। 15904 - चंडीगढ़ एक्सप्रेस चंडीगढ़ से गोरखपुर जा रही थी। हादसा मोतीगंज



थाना क्षेत्र के पिकौरा गांव के पास हुआ। पौने तीन बजे दो डिब्बे बेपटरी हुए, उसके बाद 12 और डिब्बे पलट गए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने व घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। हेल्पलाइन नंबर जारी पूर्वोत्तर रेलवे के बाराबंकी-गोरखपुर रेल खण्ड पर मोतीगंज-झिलाही स्टेशनों के मध्य डाउन लाइन पर 15904 चण्डीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के हादसे के फलस्वरूप रेल यात्रियों की सहायता हेतु हेल्पलाइन नम्बर जारी किया है। लखनऊ - 8957409292 गोंडा- 8957400965

## बदले की आग : मोहर्रम पर बवाल के दूसरे दिन फिर हिंसा, समुदाय विशेष के घर पर ग्रामीणों ने बोला धावा, बाइक फूंकी

घर में तोड़फोड़ करने के बाद दरवाजे पर खड़ी एक बाइक में आग लगा दी गई। घटना की जानकारी होते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। भारी फोर्स के साथ अधिकारी गांव में पहुंच गए हैं। फिलहाल गांव में पीएसी को तैनात कर दिया गया है।लालापुर थाना क्षेत्र के अमिलिया तरहार गांव में बुधवार को मोहर्रम पर ताजिया के रास्ते को लेकर हुआ बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। जुलूस में शामिल शरारती तत्वों के द्वारा अधिवक्ता के घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट करने के दूसरे दिन



बदला लेने की नीयत से ग्रामीणों ने एक समुदाय विशेष के घर पर धावा बोल दिया। घर में तोड़फोड़ करने के बाद दरवाजे पर खड़ी एक बाइक में आग लगा दी गई। घटना की जानकारी होते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। भारी फोर्स लेकर अधिकारी गांव में पहुंच गए हैं। फिलहाल गांव में पीएसी को तैनात कर दिया गया है। एसीपी बारा संतलाल सरोज, थानाध्यक्ष लालापुर अजय मिश्र मौके पर दल बल के साथ मौजूद हैं। यह था पूरा मामला- लालापुर थाना क्षेत्र के अमिलिया तरहार गांव में बुधवार शाम ताजिया ले जाते समय हुए दो पक्षों में हुए विवाद के बाद जमकर बवाल हो गया था। जुलूस में शामिल कुछ शरारती तत्वों ने घर में घुसकर अधिवक्ता



की पुत्री व पुत्र समेत अधेड़ पर लाठी-डंडों, तलवार, कटवासा व अवैध असलहों से हमला बोल दिया। बीच बचाव पर दरोगा को पीट दिया। घटना में अवधेश का सिर फटा है जबकि उनके बेटे-बेटी को भी चोटें आईं। आरोप है कि दीवार पर खड़े होने व पीपल के पेड़ को काटने के विरोध पर घटना की गई। छह नामजद व 10-12 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। अमिलिया तरहार गांव के इमामबाड़े से बुधवार को ताजियादार ताजिया लेकर गांव में निकल रहे थे। जुलूस गांव के अवधेश द्विवेदी के घर के पास पहुंचा तो भीड़ में शामिल कुछ शरारती तत्व उनकी दीवार पर चढ़ गए। आरोप है कि उपद्रवियों ने चहारदीवारी तोड़ने की कोशिश की और बिजली सप्लाई का तार भी तोड़ दिया। अवधेश के बेटे शिवम ने विरोध किया तो उस पर हमला बोल दिया। जुलूस के साथ चल रहे एसआई बलिराम और सिपाहियों ने बीचबचाव किया तो उनसे भी अभद्रता और हाथापाई शुरू कर दी।शोरगुल सुनकर अवधेश घर के बाहर निकलकर बेटे को बचाने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। पिता-पुत्र भागे तो हमलावर पीछे-पीछे घर में घुस आए और पंखे की रॉड उठाकर हमला कर दिया। अधिवक्ता की पुत्री अनुज्ञा पिता व भाई आयुष व अनुज को बचाने लगी तो उससे भी मारपीट व बदसलूकी की। हंगामा होता देख आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीचबचाव किया तो उन्हें भी पीटा गया। जानकारी पर गांव के लोग जुट गए तो हमलावर भाग निकले। सूचना पर बड़ी संख्या में वहां लोग जुट गए। डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय, एसडीएम जगजीत कौर, एसीपी बारा संत लाल सरोज भी आसपास के थानों की फोर्स लेकर आ गए और पीड़ित परिवार से पूछताछ की। तनाव को देखते हुए पीएसी भी तैनात कर दी गई है। तीन लाख के गहने लूटने का भी आरोप- अवधेश की ओर से दी गई तहरीर में हमले के साथ-साथ तीन लाख के गहने लूटने का भी आरोप लगाया गया है। बताया कि दोपहर 3-30 बजे गांव के मोनू अंसारी, अन्ना, इमरान, अजमेरी का लड़का, मिराज, सरताज समेत छह लोग व 10-12 अज्ञात लाठी-डंडा, कटवासा व अवैध असलहे लेकर ताजिया जुलूस निकाल रहे थे। आरोप लगाया कि घर के पास लगे पीपल के पेड़ को काटने लगे। मना करने पर गालीगलौज करते हुए दीवार फांदते हुए घर में कूद गए और उन्हें, उनकी बेटी व दो बेटों को मारने लगे। तलवार व कट्टे की बट से वार किया जिससे सभी लहूलुहान हो गए। साथ ही कमरे में बैग में रखे तीन लाख के गहने लूट ले गए। जाते-जाते धमकी भी दी।

## संपादकीय Editorial

### New Kashmir of terrorism

Now it is the turn of Doda district. Rajouri-Poonch, Kathua and Doda are all parts of Jammu division. Three terrorist attacks have taken place in the last three weeks. Four soldiers including a captain have been 'martyred' in the Doda terrorist encounter. Earlier, an attack similar to 'Pulwama ka Saransh' was carried out in Kathua, in which 5 soldiers were martyred. In the last two years, 10 officers including 1 colonel, 3 captains, 5 majors have had to sacrifice their lives. However, from 2005 to 2021, Jammu division remained absolutely peaceful. This is the belief and claim of the people from the army chief to the ruling party, but now Jammu is becoming the 'new Kashmir of terrorism'. Former Lieutenant General and General in charge of the Northern Command Deependra Singh Hooda believes that in this area of ????Jammu division, there are less plains and more dense forests. In Doda, where the terrorist attack took place, there is a 200 square km forest on one side of the mountain, whereas our search operation was going on in only 50 square km. There are fewer forests and more snowy mountains in Kashmir, so terrorists can be monitored from a distance. We should make a new, aggressive strategy for Jammu. There are so many security forces in the Kashmir valley even today that terrorists can be killed within an hour or two of committing a terrorist act. There are relatively fewer security forces in Jammu. The terrorists take advantage of this and escape. The forests are so dense that the terrorists cannot be traced using helicopters or drones. Anyway, if the strategy has to be changed, then by when will it be changed? Or will we keep counting the martyrdom figures? Of course, our security forces have killed 87 terrorists in 2023 and 21 terrorists till July 3, 2024, but what difference does it make? Terrorists cross the border to die or enter our Jammu and Kashmir for jihad. Can the Indian soldiers who are 'martyred' in encounters with them or in terrorist attacks be evaluated? Can they be compensated? On an average, a soldier is trained after a long, tiring training and by spending lakhs of rupees. After all, how long will this series of martyrdom continue? Can't our military operations be conducted with the intention of destroying terrorists and terrorist groups like 'Kashmir Tigers'? The Kathua attack was also carried out by this terrorist group. It is a fake name of the UN-banned terrorist organization 'Jaish-e-Muhammad' in Jammu and Kashmir. The terrorists of 'Kashmir Tigers' are recruited in Pakistan, get trained there and it is the 'bankrupt' Pakistan that gives them money. The question is why can't such an organization be defeated on the soil of Jammu and Kashmir itself? Why can't the 'local Jaichand' who are helping these terrorists also be killed? Has the Indian government tied the hands of the soldiers? Since 2021, 52 army and police personnel have lost their lives in terrorist attacks. We can be satisfied that 54 terrorists have also been killed. What can we say about the fact that more than 70 civilians have also been killed. Most of the Kashmir valley touches the Line of Control with Pakistan, but Doda is not even close to the Line of Control, then how did the terrorists infiltrate there? Assembly elections are to be held in Jammu and Kashmir very soon. Kashmiris will be able to elect their government and representatives. The democratic process will be restored. In view of that, terrorism has increased. It can be crushed. The statement given by former Chief Minister Mehbooba Mufti and the demand for dismissal of DGP RR Swain is her frustration, because she has been pro-Pak. After all, what did Swain do or say? Her questions are natural. Such politics will not benefit Jammu and Kashmir.

# Foreign trade: Time for new efforts to increase exports, will BIMSTEC's efforts bear fruit

The new coalition government is moving ahead on mission mode with the goal of increasing exports and reducing trade deficit. The new coalition government is moving ahead on mission mode with the goal of increasing exports from India and reducing trade deficit amid the challenges of global trade. Recently, India tried to breathe new life into BIMSTEC (organization of countries located around the Bay of Bengal) in New Delhi. External Affairs Minister S. Jaishankar said that for India, the initiative to increase bilateral trade and mutual cooperation with BIMSTEC countries Bangladesh, Bhutan, Nepal, Sri Lanka, Myanmar and Thailand is a part of Neighborhood First and Act East and Sagar policy. Similarly, India has started a new exercise to increase business through bilateral talks with friendly countries including Russia and various developed countries. In this context, Prime Minister Narendra Modi has brought forward new possibilities of foreign trade through bilateral talks during his visit to Russia and Austria. The joint statement issued after the talks between Prime Minister Modi and Russian President Vladimir Putin said that India and Russia have set a target to increase bilateral trade to $ 100 billion by 2030, bring balance in trade, remove non-tariff trade barriers and explore the possibilities of Eurasian Economic Union (EAEU)-India Free Trade Area. Both the countries have talked about setting up a bilateral settlement system using national currency and planning to bring digital financial instruments in the mutual settlement process. During bilateral talks with Austrian Chancellor Nehammer, Prime Minister Modi said that strategic direction will be given to the relations to strengthen mutual cooperation between the two countries. Work will be done to add each other's strengths in areas like infrastructure development, innovation, renewable energy, hydrogen, water and waste management, artificial intelligence and quantum. It is worth noting that in 2023, bilateral trade between the two countries was around Rs 2.93 billion. For Austria, India is one of its most important trading partners outside the European Union. Under the Neighbourhood First policy, heads of state and government of neighbouring countries were invited to the swearing-in ceremony of the new government. Recently, after bilateral talks between Bangladesh Prime Minister Sheikh Hasina, 10 important agreements have been signed, including water management of Teesta river, maritime economy and digital sector. Similarly, in view of strengthening bilateral relations with Sri Lanka, External Affairs Minister S Jaishankar held talks with the top leadership of Sri Lanka in Colombo and inaugurated the Maritime Rescue Coordination Centre built with a grant of US$ 6 million from India. Sri Lankan President Ranil Wickremesinghe said that in the year 2022, when Sri Lanka was facing the biggest economic crisis, India helped us overcome the economic crisis by providing assistance of $3.5 billion. It is also important that the importance of India, a special invited country, was seen in the recent G-7 summit. The most concrete benefit for India arose from the commitment of the G-7, which said that the India-West Asia-Europe Economic Corridor (IMEC) would be promoted. The construction of this corridor was announced during the G20 summit in India last year. The government will have to adopt a new strategy for exports to ASEAN countries. Along with this, India will have to move forward towards finalising FTAs ??with Oman, Britain, Canada, South Africa, America, Israel, Gulf Countries Council and European Union. Work will also have to be done to increase exports to those countries, for which India played an important role in getting permanent membership of the 55-nation African organisation of G20 last year. It is hoped that the bilateral talks held recently with Russia, Austria, Bangladesh, Sri Lanka and various countries will prove to be beneficial. In such a situation, India will definitely be seen moving fast towards achieving the export target of two trillion dollars of goods and services by the year 2030 with strategic efforts to increase foreign trade.



# Message of politics: Why did Trump choose Vance, the choice of succession gives many indications

Trump, who has been influencing global politics for the last decade, has recovered from the recent attack and chosen his successor. The 39-year-old, dynamic JD Vance is so full of discipleship that he considers Trump's enemy as his enemy. Vance's nomination shows that Trumpism will continue. Donald Trump has chosen Ohio Senator JD Vance as his vice-presidential candidate. Earlier, vice-presidential candidates were selected to strengthen the party's unity, to bring to their side the province where the party's position was shaky, and to help the president outside Washington in running the government. Vance does not meet these criteria. When Trump made Vance his vice-presidential candidate, he probably did not have 2024 in mind, but he was thinking about 2028 and beyond. The last time Trump chose his running mate, he was more worried. He was then viewed with suspicion by many Republicans, especially social and religious conservatives. Trump then chose Mike Pence to assuage their fears, as Pence had close ties to Christian voters. The idea was that he could help Trump deal with insiders and power brokers. The Trump-Pence duo lasted until January 6, 2021. Now, having narrowly escaped an attacker's bullet and being constitutionally limited to one more term, Trump naturally values ??loyalty and legacy. Vance is passionate about Trump and Trumpism and is unlikely to allow the vice president's residence to become a haven for pro-immigration and interventionist Republicans. He has been following Trump's conduct since the 2020 election, and considers Trump's enemies his enemies. Trump may have also liked Vance's biography. Vance, who grew up in poverty, joined the Marines after the 9/11 terror attacks, wrote a bestselling autobiography and succeeded in business. His working-class roots could attract the forgotten people of the industrial Rust Belt who are at the heart of Trump's campaign. Another important factor that goes in Vance's favor is his age. Republicans are doing relatively better among young male voters this year and Vance could help the party take advantage of this growing advantage. Richard Nixon was 39 when Dwight Eisenhower chose him as his vice presidential candidate in 1952. Nixon remained at the center of American politics for 22 years. Vance, who recently joined the 'Make America Great Again' (MAGA) movement, criticized the foreign and economic policies of supporters of former US Ambassador Nikki Haley in the Republican premiere this year. Vance is a newcomer to Washington. He will turn 40 in August and will be one of the youngest vice presidents in US history. He has only served two years in the Senate, so he will be the least experienced vice president ever. Trump will be his experienced mentor and Vance will be his apprentice. Trump is not usually seen as a patient mentor or a long-term planner. But his recent conviction and assassination attempt have raised the stakes in this election and so he sees it as important not only to win, but to do something lasting. The choice of Vance also indicates how Trump sees the future of the Republican Party. If Vance becomes vice president, he will be a front-runner for the Republican nomination in 2028. His nomination will certainly be challenged, but Trump wants the Republican Party to stick to his agenda of nationalism, populism and 'America First'. Vance, a Yale Law School graduate, is perhaps the most vocal supporter of MAGA. He is critical of the financial sector, corporate monopolies, free trade, global interventionism and illegal immigration. He opposed the national security supplemental bill that provided military aid to Ukraine, Israel and Taiwan this year. When Vance spoke at the National Conservative Conference in Washington, D.C., last week, he was greeted like a star. He spoke with ease. He named prominent policy experts in the audience, such as Elbridge Colby, who favors prioritizing a foreign policy that would limit foreign commitments to contain China, and Oren Cass, who is a critic of liberal economics. Vance praised the growing influence of nationalist populism in the Republican Party. “Even if we don't win the debate on Ukraine aid, I think this really matters,” he said. His elevation to the vice presidency would guarantee a MAGA West Wing and strengthen advocates of tough foreign policy and government action to rebuild domestic manufacturing and the defense industrial base. He used his harshest words for immigration, saying, 'The real danger to American democracy is that American voters keep voting for less immigration and our politicians keep approving more immigration. No one can deny that immigration has made our societies poorer, less safe, less prosperous. Trump has influenced global politics for nearly a decade. Vance's nomination shows that Trump's style, his policies and his appeal to non-college-educated voters of every race and ethnicity will rule the Republican Party for decades to come.Trump has influenced global politics for nearly a decade. Vance's nomination shows that Trump's style, his policies and his appeal to non-college-educated voters of every race and ethnicity will rule the Republican Party for decades to come.Trump has influenced global politics for nearly a decade. Vance's nomination shows that Trump's style, his policies and his appeal to non-college-educated voters of every race and ethnicity will rule the Republican Party for decades to come.Trump has influenced global politics for nearly a decade. Vance's nomination shows that Trump's style, his policies and his appeal to non-college-educated voters of every race and ethnicity will rule the Republican Party for decades to come.Trump has influenced global politics for nearly a decade. Vance's nomination shows that Trump's style, his policies and his appeal to non-college-educated voters of every race and ethnicity will rule the Republican Party for decades to come.Trump has influenced global politics for nearly a decade. Vance's nomination shows that Trump's style, his policies and his appeal to non-college-educated voters of every race and ethnicity will rule the Republican Party . for decades to come.

**अनिल हत्याकांड: पत्नी के सामने तड़पता रहा पति, पत्नी ने हत्यारों से कहा-करते रहो वार**

# बेटे की चाहत में छह माह पूर्व तांत्रिक के संपर्क में आई थी कारोबारी की पत्नी, प्रेम संबंध में रोड़ा बन रहा था पति

मुरादाबाद- कघटर थाना क्षेत्र में शनिवार आधी रात को हुई पीतल कारोबारी की हत्या का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। पत्नी ने अपने प्रेमी तांत्रिक के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। पत्नी ने अनिल के खाने में नशे का कैप्सूल मिलाया था, जिससे वह गहरी नींद में सो गया था। प्रेमी तांत्रिक के साथियों के साथ मिलकर पत्नी ने कारोबारी पर ताबड़तोड चाकू से हमला किया था। घटना में एक आरोपी की भी मौत हुई है। पुलिस ने बुधवार को पत्नी तन्नू चौधरी और मोहित को गिरफ्तार किया है। वहीं घटना का मुख्य साजिशकर्ता तांत्रिक कन्हैया फरार है। थाना क्षेत्र के गाड़ीखाना निवासी पीतल कारोबारी अनिल चौधरी की 13 जुलाई की रात को पत्नी तन्नू चौधरी ने प्रेमी तांत्रिक कन्हैया, आमोद और मोहित के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया है कि अनिल की हत्या पत्नी तन्नू चौधरी व प्रेमी कन्हैया ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से की थी। उन्होंने कहा कि कारोबारी अनिल चौधरी की पत्नी तन्नू पिछले छह माह से बाला जी की पूजा करने वाले तांत्रिक कन्हैया के संपर्क में थी। कारोबारी की दो बेटियां हैं। बेटे की चाहत में तन्नू तांत्रिक कन्हैया के संपर्क में आई थी। हर शनिवार को कन्हैया बालाजी का दरबार लगाता था। बच्चों के साथ तन्नू भी वहां जाया करती थी। कई बार दोनों साथ में बालाजी के दर्शन करने के लिए राजस्थान भी गए थे। इसके बाद उसकी कन्हैया से काफी नजदीकी हो गई थी। जिसकी भनक अनिल को लग गई थी। घटना से एक दिन पहले बनी थी कारोबारी की हत्या की योजना- पुलिस पूछताछ में आरोपी मोहित ने बताया है कि दो माह पूर्व वह कन्हैया के पास अपनी बहन को ले गया था। जहां पर उसका संपर्क आमोद, तन्नू से हुआ था। इसके बाद तीनों में घनिष्ठता बढ़ गई। 13 जुलाई को कन्हैया ने दरबार लगाया था। जहां पर तन्नू अपने बच्चों के साथ पहुंची थी। तांत्रिक कन्हैया ने पत्नी समेत तीनों को बंद कमरे में बैठाकर हत्या की साजिश रची थी। जहां पर कन्हैया ने तन्नू को अनिल के खाने में मिलाने के लिए नशे का कैप्सूल दिया था। शनिवार की रात तीनों अनिल के घर पहुंचे। कन्हैया ने निगरानी के लिए बाइक घर से थोड़ी दूरी पर ही रोक ली। योजना के अनुसार पत्नी ने पहले से ही घर का गेट खुला छोड़ दिया था। आमोद और मोहित घर में घुस गए। जहां पर तन्नू बेड पर बैठी थी और अनिल नशे में गहरी नींद में सो रहा था। सोते समय तीनों ने मिलकर अनिल के शरीर पर चाकू से 15 वार किए। अनिल लहूलुहान जमीन पर गिर पड़े। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को पत्नी तन्नू चौधरी व मोहित को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मुख्य साजिशकर्ता तांत्रिक कन्हैया अभी फरार है। आधी रात हत्यारों ने पीतल कारोबारी को चाकुओं से गोदा था- मृतक की 13 साल की बेटी ने पुलिस को बताया था कि शनिवार रात करीब 1 बजे फर्म का पेमेंट देने के बहाने घर में आए मोहित और आमोद ने उसके पिता की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। इसके बाद फरार हो गए। पीतल कारोबारी के परिजनों ने इस मामले में मोहित और आमोद को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हालांकि रात में ही पुलिस को मुगलपुरा क्षेत्र में आमोद जख्मी और बेहोशी की हालत में पड़ा मिला था। उसके हाथों पर चाकू से कट के निशान थे। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां रविवार सुबह उसने दम तोड़ दिया था। पुलिस इसके बाद वारदात में शामिल मोहित की तलाश में थी। वारदात को देनी थी लूट की शक्ल, लेकिन बेटी जाग गई- चाकू से हमला होने पर अनिल चौधरी की चीख निकली तो उनकी 13 साल की बेटी मानवी की आंख खुल गई थी। बेटी की आंख नहीं खुली होती तो तन्नू इसे लूट के विरोध पर हत्या का रूप देने की प्लानिंग बनाए बैठी थी। लेकिन, बेटी के जागने पर उसने कातिलों आमोद और मोहित को पहचान लिया। इसके बाद तन्नू को कहानी बदलनी पड़ी। उसने कहानी बनाई कि फर्म का पेमेंट देने के नाम पर आमोद और मोहित ने गेट खुलवाया और फिर उसके पति पर हमला कर दिया। घायल आमोद को रास्ते में छोड़कर भाग गए थे कन्हैया व मोहित- मोहित ने पूछताछ में बताया है कि घटना के समय अनिल ने बचने का प्रयास किया था। अनिल की चीख सुन उनकी बड़ी बेटी मानवी जाग गई थी। उसने पिता को बचाने का प्रयास किया था। आरोपी चाकू से वार करते रहे। इसी दौरान मानवी ने दोनों के चेहरे पहचान लिए। घटना में आमोद के हाथ में चाकू लग गया, जिससे आमोद के हाथ की नस कट गई। फिर दोनों घटनास्थल से भाग खड़े हुए। एसपी सिटी ने बताया कि आमोद को कन्हैया और मोहित इलाज के लिए अस्पताल लेकर जा रहे थे कि रास्ते में आमोद अचानक बेहोश हो गया। दोनों रास्ते में ही आमोद को छोड़कर भाग गये थे। घटना के बाद आरोपियों ने चाकू रामगंगा घाट पर एक जगह छिपा दिया था।



**ॅअनिल की पत्नी तन्नू चौधरी ने तांत्रिक प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की थी। अनिल प्रेम संबंध में रोड़ा बन रहा था। बुधवार को पत्नी तन्नू और मोहित को गिरफ्तार किया है। वहीं फरार मुख्य साजिशकर्ता की तलाश की जा रही है। - अखिलेश भदौरिया, एसपी सिटी**

## व्हाट्सएप पर परिचित का लगाया था फोटो, व्यापारी से कॉल पर मांगी मदद, फिर ठग लिए 23 हजार

मुरादाबाद- साइबर अपराधियों ने कारोबारी से 23 हजार रुपये की ठगी कर ली। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। बताया कि आरोपियों ने अपने व्हाट्सएप पर कारोबारी के परिचित का फोटो लगाया था। साइबर अपराधी ने व्हाट्सएप डीपी पर परिचित का फोटो लगाकर व्यापारी से 23 हजार 310 रुपये ट्रांसफर करा लिए। ठग ने व्हाट्सएप कॉल करके खुद को परेशानी में बताकर मदद मांगी थी। पीड़ित ने इस मामले में केस दर्ज कराया है। कटघर क्षेत्र के रहमत नगर निवासी मोहम्मद अमजद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक अंजान नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई थी। जिस पर परिचित की डीपी लगाई हुई थी। कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि 25 हजार रुपये तत्काल उसके खाते में डलवा दें।परिचित को परेशानी में देखकर मोहम्मद अमजद ने 23 हजार 310 रुपये उसके बताए खाते में ट्रांसफर करवा दिए। कुछ देर बाद जब उसने परिचित को फोन कर पता किया तो परिचित ने कहा कि मैंने तो कॉल नहीं की थी। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत पर साइबर अपराधी के खिलाफ केस दर्ज कराने की मांग की। कटघर थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि साइबर सेल की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है। शादी में कहासुनी के बाद वेटर पर डाला खौलता तेल- ठाकुरद्वारा नगर में एक शादी समारोह में काम करने आए वेटर अनिल कुमार पर कहासुनी के बाद एक बराती ने खौलता तेल डाल दिया। इससे वेटर का कंधा झुलस गया। उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले के जसपुर के मोहल्ला गुजारत्यान निवासी अनिल कुमार ठाकुरद्वारा के एक मैरिज हॉल में वेटर का काम करने आए थे। अनिल शादी में हलवाई के साथ काम कर रहा था। नशे में एक बराती ने वेटर से प्लेट को धोकर लाने को कहा। अनिल ने कहा कि यह काम दूसरे वेटर करेंगे। इस पर बराती ने वेटर पर खौलता तेल डाल दिया। पुलिस ने वेटर का मेडिकल कराया।

## बिना अनुमति बना दिया तालाब, डूबने से दो बच्चों की जान गई... शवों को देखकर महिलाओं की निकल गई चीख

मुरादाबाद- जयंतीपुर में तलाब से डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। इससे दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। जांच में पता चला कि तालाब बिना अनुमति के ही बनाया जा रहा था। बच्चों के शवों को देखकर महिलाओं की चीख निकल उठी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर में मंगलवार शाम अरशद उर्फ अशद ( 8 ) और साबिया ( 7 ) की तालाब में डूबने से मौत हो गई। दोनों खेलते-खेलते तालाब के पास पहुंच गए गए थे। देर रात दोनों का शव तालाब से निकालकर पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट में पानी में डूबने से मौत होने की पुष्टि हुई।इस मामले में तालाब मालिक और उसकी पत्नी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। तालाब में डूबकर जान गंवाने वाला अरशद उर्फ अशद पुत्र नईम ( 8 ) और साबिया पुत्री माजिद ( 7 ) मझोला के जयंतीपुर स्थित टीचर कालोनी के रहने वाले थे। दोनों बच्चों के परिवार आस पड़ोस में रहते हैं। अरशद के पिता नईम एलईडी और टीवी ठीक करने का काम करते हैं, जबकि साबिया के पिता माजिद ई-रिक्शा चलाते हैं। मंगलवार शाम अरशद और साबिया खेलने के लिए घर से निकले थे। इसके बाद दोनों अन्य बच्चों के साथ तालाब के पास पहुंच गए। इसी दौरान अरशद और साबिया के पैर फिसल गए और दोनों तालाब में गिर गए। अन्य बच्चों के शोर मचाने पर परिजन और कॉलोनी के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद अरशद और साबिया को बाहर निकाला गया लेकिन तब दोनों की मौत हो चुकी थी। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि अरशद उर्फ अशद के दादा मोहम्मद यामीन की तहरीर पर तालाब मालिक सैयद रहमान और उसकी पत्नी नासिरा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जिसमें आरोप है कि पति-पत्नी ने मछली पालन के लिए तालाब खुदवाया है। लेकिन सुरक्षा के लिए कोई बेरीकेडिंग नहीं लगाई है। पति-पत्नी की लापरवाही के कारण मेरे पोते और पड़ोसी माजिद की बेटी की मौत हुई है।

## दस करोड़ रुपये खच....ं हस्तशिल्प कारोबार का नहीं मिला सकी रफ्तार, बिजली आपूर्ति बनी है बड़ी बाधक

मुरादाबाद- संभल के हस्तशिल्प कारोबार को रफ्तार नहीं मिल पा रही है। शासन ने यहां करोड़ों खर्च कर कॉमन फैसलिटी सेंटर तक खोल दिया है। मगर बिजली की आपूर्ति नहीं होने के कारण यह चालू नहीं हो पाया है। इसका असर कारोबार पर पड़ रहा है। संभल में हस्तशिल्प कारोबार को रफ्तार देने के लिए शासन ने जिले में करोड़ रुपये की लागत से कॉमन फैसलिटी सेंटर ( सीएफसी ) का निर्माण कराया। तीन जनवरी को सीएम सीएफसी का लोकार्पण भी कर चुके हैं, लेकिन अनदेखी के चलते सीएफसी का संचालन अभी तक नहीं हो सका है। संभल के गांव रसूलपुर धतरा में स्थापित कॉमन फैसलिटी सेंटर ( सीएफसी ) लोकार्पण होने के छह माह बाद भी शुरू नहीं हो सका है। इसमें सबसे बड़ी दिक्कत बिजली आपूर्ति की बनी हुई है। चंदौसी डिविजन के ग्रामीण इलाके से बिजली आपूर्ति मिलती है।एसोसिएशन का दावा है कि दो से तीन घंटे ही बिजली मिल निकाल पा रहे हैं। सीएफसी को संचालित करने वाली होर्न बोन थक चुके हैं। 17 जनवरी से यह पूरी तेजी से काम करना था काम होना था वह नहीं हो पा रहा है। उत्पादों को बनाया जा सकेगा हैं। इसके अलावा स्वदेशी मशीनें लगी हैं। इन मशीनों से संभल जरूरत का बनाया जा सकेगा। अभी तक संभल का बटन विदेशी कारोबार में करीब सालाना 100 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी होगी। है। अभी तक मुरादाबाद में काम कराया जाता है। सीएफसी रफ्तार बड़ी बाधा बन गई है। दो से तीन घंटे ही बिजली आपूर्ति मिल पा है। दो से तीन घंटे ही बिजली मिलती है उससे काम रफ्तार नहीं भर



रही है। इसलिए काम नहीं हो पा रहा है। इसका समाधान तक नहीं जिम्मेदार क्राफ्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी भी अधिकारियों के चक्कर लगा कर लेकिन अभी तक इसकी रफ्तार सुस्त पड़ी है। हस्तशिल्प को संवारने का आकर्षक- पांच करोड़ कीमत की इटली से मंगाकर मशीन लगवाई गई और सरायतरीन में तैयार होने वाले उत्पादों को और अधिक आकर्षक और खरीदकर संवारते थे। अब वह बटन संभल में ही संवारा जाना है। इससे इस सीएफसी में लकड़ी को सुखाने और संवारने का भी काम किया जाना भरे तो हस्तशिल्प के कारोबारियों को राहत मिले लेकिन बिजली आपूर्ति रही है। इसलिए काम नहीं हो पा रहा। बिजली की आपूर्ति नहीं मिल पा रही पा रहा है। कई बार अधिकारियों के सामने समस्या रखी है लेकिन अभी हल नहीं निकला है। ग्रामीण इलाके के शेड्यूल से भी 18 घंटे बिजली मिल जाए तो काम में तेजी आएगी और सीएफसी से काम तेजी से हो पाएंगे। -कमल कौशल वार्ष्णेय, डायरेक्टर, हॉर्न बोन क्राफ्ट फाउंडेशन, संभल हमने बिजली विभाग के मुख्य अभियंता मुरादाबाद से बातचीत की है। ग्रामीण इलाके के शेड्यूल से ही बिजली आपूर्ति फिलहाल की जाए। जिससे सीएफसी की दिक्कत दूर हो सके। -योगेश कुमार, संयुक्त आयुक्त उद्योग, मुरादाबाद ग्रामीण क्षेत्र के शेड्यूल के मुताबिक तो बिजली आपूर्ति की जा रही है। बारिश और गर्मी के चलते कई बार आपूर्ति में दिक्कत हो जाती है। सीएफसी के जिम्मेदारों से कहा गया है कि वह शहरी क्षेत्र की लाइन का स्टीमेट बनवा लें जिससे उनकी दिक्कत दूर हो सके। -विनोद कुमार, अधीक्षण अभियंता, विद्युत, संभल संभल में प्रतिवर्ष होता है करीब 400 करोड़ कारोबार- सरायतरीन संभल का हस्तशिल्प दुनिया के बड़े बड़े देशों में अपनी पहचान बनाए हुए है। यह कारोबार यूरोप, अमेरिका और अरब देशों से जुड़ा हुआ है। कारोबारी विदेश को सप्लाई देते हैं। इसका लाभ आम व्यक्ति से लेकर बड़े कारोबारी को होता है। हॉर्न-बोन क्राफ्ट फाउंडेशन के डायरेक्टर ताहिर सलामी ने बताया कि हर साल करीब 400 करोड़ का कारोबार होता है। सीएफसी बनने से कारोबार बढ़ने की उम्मीद है। इसके संचालन में बिजली आपूर्ति बाधा बनी हुई है। बिजली आपूर्ति सही मिलने लगे तो सीएफसी रफ्तार भरेगा। इससे रोजगार भी मिलना शुरू होगा।

### संक्षिप्त समाचार

## चंदौसी-ऋषिकेश समेत छह पैसेंजर ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच, जल लाने वाले भक्तों को राहत

मुरादाबाद- कांवड़ मेले को देखते हुए छह ट्रेनों में अतिरिक्त अनारक्षित कोच जोड़े जाएंगे। इससे हरिद्वार और बृजघाट से जल लाने वाले भक्तों को राहत मिलेगी। रेवले अधिकारियों ने बताया कि यह व्यवस्था 22 जुलाई से 20 अगस्त तक लागू होगी। कांवड़ मेले के लिए चंदौसी-ऋषिकेश, गजरौला-अलीगढ़ पैसेंजर समेत छह ट्रेनों में अतिरिक्त अनारक्षित कोच जोड़े जाएंगे। 22 जुलाई से 20 अगस्त तक यह व्यवस्था लागू होगी। इससे कांवड़ लाने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत होगी।04360-59 ) ऋषिकेश-चंदौसी-ऋषिकेश पैसेंजर में तीन कोच, ( 04376-75 ) बरेली-अलीगढ़-बरेली पैसेंजर में दो कोच, ( 04378-77 ) बरेली-अलीगढ़-बरेली पैसेंजर में दो कोच जोड़े जाएंगे।इसके अलावा ( 04333-34 ) गजरौला-नजीबाबाद-गजरौला पैसेंजर में एक कोच, ( 04393-94 ) गजरौला-अलीगढ़-गजरौला पैसेंजर में एक कोच और ( 04358-57 ) नजीबाबाद-मुरादाबाद-नजीबाबाद पैसेंजर में एक कोच जोड़ा जाएगा। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मुरादाबाद और आसपास के स्टेशनों से हरिद्वार, ऋषिकेश, गढ़मुक्तेश्वर, राजघाट जाने वाले यात्री काफी संख्या में रहते हैं। उनके लिहाज से यह व्यवस्था की गई है। जरूरत पड़ने पर कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव गंगा घाट वाले स्टेशनों पर दिए जा सकते हैं। एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी जोड़े जा सकते हैं। मुरादाबाद से टांडा तक चलेंगी ई-बसें- यात्रियों की सुविधा के लिए मुरादाबाद से टांडा तक ई-बसें चलाई जाएंगी। इसके लिए ई-बस डिपो के अधिकारी रूट का निरीक्षण करेंगे। अगर रूट की स्थिति ठीक पाई गई तो जल्द ही ई-बस सेवा शुरू कर दी जाएंगी। मुरादाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड की ओर से शहर में तीन रूट पर ई-बस का संचालन किया जा रहा है। ई-बस डिपो के अधिकारियों के बीच मुरादाबाद से टांडा तक ई-बस चलाने की कवायद शुरू हो गई है। ई-बस डिपो के अधिकारियों ने बताया कि मुरादाबाद से टांडा ई-बस चलाने के लिए इस रूट का निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद ई-बसों को कुछ दिन तक चलाकर ट्रायल लिया जाएगा। अगर इस रूट पर यात्री मिलते हैं तो ई-बसों के संचालन पर विचार किया जाएगा। इससे पहले मुरादाबाद से टांडा तक ई-बस चलाने के लिए नगर पालिका परिषद टांडा की अध्यक्ष साहिबा सरफराज कमिश्नर को पत्र लिखकर मांग कर चुकी हैं। मुरादाबाद से टांडा तक ई-बसों का संचालन करने के लिए जल्द ही रूट का निरीक्षण किया जाएगा। अगर सब कुछ ठीक पाया गया तो विभाग की अनुमति मिलने के बाद ई-बस सेवा शुरू कर दी जाएगी। - बाबर खान, प्रबंधक संचालन, सिटी ई-बस सेवा




## बाजार जाने के बहाने प्रेमी से मिलने पहुंची होटल, छापेमारी हुई तो मची भगदड़, इस हाल में मिले युवक व महिलाएं

मुरादाबाद- पुलिस ने रहरा रोड पर बने होटलों में छापामारी कार्रवाई की। एक होटल से आठ जोड़े पकड़े गए। सभी को पुलिस थाने ले जाया गया। पकड़ी गई एक महिला बच्चे को लेकर प्रेमी से मिलने गई थी। इसके बाद हकीकत खुली। अमरोहा के रहरा रोड पर गांव शाहपुर कला में दो होटलों पर प्रशासन के अधिकारियों ने छापा मारा। एक होटल में आठ जोड़े आपत्तिजनक हालत में मिले। एसडीएम-सीओ की टीम ने यह कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि गलत गतिविधियां चल रही थीं।एसडीएम ने होटल को सील करा दिया है। मामले में रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। नगर के रहरा रोड पर कस्बे से सटे गांव शाहपुर कला के नजदीक कई होटल संचालित हैं। आरोप है कि इन होटलों में अनैतिक कार्य कराया जाता है। दो दिन पूर्व गांव शाहपुर कला की ग्राम प्रधान मीनू रानी के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ एसडीएम कार्यालय पर पहुंचकर प्रदर्शन किया गया था। ऐसे होटलों पर कार्रवाई की मांग की थी, हवाला दिया था कि होटलों में हो रहे अनैतिक कार्यों से गांव में माहौल खराब हो रहा है।

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की शहरी क्षेत्र में मकान की छतों के ऊपर अनाधिकृत रूप से स्थापित होर्डिंग्स के स्ट्रक्चरों को तत्काल प्रभाव से हटवा दिए जाएं और यह



सुनिश्चित किया जाए कि नियम विरुद्ध तरीके से कहीं भी होर्डिंग पोल या स्ट्रक्चर स्थापित नहीं होने चाहिए। सड़कों पर भी अवैध तरीके से स्थापित होर्डिंग पोल हटाए जाएं। जिलाधिकारी ने बीते माह में घटित सड़क दुर्घटनाओं और उनके कारणों के बारे में विस्तार पूर्वक समीक्षा की तथा कहा कि दुर्घटना बाहुल्य चिन्हित स्थलों पर सुरक्षा और सावधानी के दृष्टिकोण से साइनेज एवं अन्य जरूरी कार्य कराए जाएं ताकि सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं एनएचएआई के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सड़कों पर जो भी कार्य कराने के निर्देश दिए जा रहे हैं उनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिले में जो ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित हैं वहां जरूरी सुरक्षात्मक कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से कराए जाएं। प्रायः यह देखा गया है कि नेशनल हाईवे से स्थानीय मार्गो के जुड़ाव बिंदु पर अधिकतम दुर्घटनाएं घटित होती हैं इसलिए ऐसे स्थलों को भी चिन्हित करके वहां सुरक्षा के दृष्टिकोण से कार्य करा लिए जाएं। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए संबंधित विभागों द्वारा कराए जाने वाले कार्यों के संबंध में फोटो संलग्न करते हुए रिपोर्ट प्रेषित करें। एनएचएआई स्तर से नेशनल हाईवे पर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएं ताकि किसी भी दुर्घटना के दौरान दोषियों को चिन्हित करने में मदद मिल सके। इस अवसर पर एसपी सिटी श्री अखिलेश भदौरिया, एडीएम सिटी सुश्री ज्योति सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

# उप निर्वाचन विर्निष्टि समय सारणी के अनुसार सम्पन्न कराने के निर्देश दिए

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुज सिंह ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों के वैधानिक रुप से रिक्त पदों/स्थानों, जो मा0 न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो, पर उप निर्वाचन विर्निष्टि समय सारणी के अनुसार सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। जिला मजिस्टेऊट ने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने का अन्तिम दिनांक व समय 22 जुलाई 2024 पूर्वान्ह् 10 बजे से अपरान्ह् 4 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की जांच का दिनांक व समय 23 जुलाई 2024 पूर्वान्ह् 10 बजे से कार्य की समाप्ति तक, उम्मीदवारी वापस लेने का दिनांक व समय 24 जुलाई 2024 पूर्वान्ह् 10 बजे से अपरान्ह् 3 बजे तक, प्रतीक आवंटन का दिनांक व समय 24 जुलाई 2024 अपरान्ह् 3 बजे से कार्य की समाप्ति तक, मतदान का दिनांक व समय 06 अगस्त 2024 प्रातः 7 बजे से सायं 5 बजे तक तथा मतगणना का दिनांक व समय 08 अगस्त 2024 प्रातः 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित निर्वाचन प्रक्रिया उपर्युक्त उप निर्वाचन में अपनायी जाएगी तथा उक्त समय सारणी के अर्न्तगत पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे और निर्धारित समय सारणी के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

# दुबई में जिस युवती को बेचा गया, उसने आखिर क्या किया...जो मिली फांसी की सजा; आरोपी रखेंगे अपना पक्ष

बांदा की युवती को दुबई में बेचने के मामले में आगरा के जूता कारोबारी सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश हुए हैं। इस मामले में आरोपी परिवार ने अपना पक्ष रखा। बताया कि युवती को मदद के लिए बुलाया था। दुबई में ऐसा कुछ होगा, उन्हें इस बात का अंदाजा भी नहीं है। बांदा की युवती को दुबई की दंपती को बेचने के मामले में कोर्ट ने नाई की मंडी के रहने वाले जूता कारोबारी उजैर सहित तीन के खिलाफ मुकदमे के आदेश किए हैं। इस मामले की जानकारी पर आरोपी परिवार का कहना है कि पुलिस की विवेचना में अपना पक्ष रखेंगे। उन्होंने युवती की मदद की थी। उन पर लगे आरोप गलत हैं। पूर्व में दो बार पुलिस जांच भी कर चुकी है। बांदा के मटौध थाना क्षेत्र के गोयरा मुगली निवासी शब्बीर खान ने सीजेएम कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया था। इसमें कहा था कि बेटी शहजादी आग में जल जाने के कारण दिव्यांग है। वह एक संस्था से जुड़ गई। फेसबुक के जरिये आगरा के नाई की मंडी स्थित तोपखाना के उजैर से दोस्ती हुई थीनवंबर 2021 में इलाज के बहाने ले आया। आरोप है कि उसे दुबई में रह रहे अपने फूफा फैज व नादिया को बेच दिया। वहां पर शहजादी को फैज ने अपने बेटे की मौत के आरोप में फंसा दिया। वहां की अदालत ने उसे दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुना दी। वह जेल में बंद है। शब्बीर खान के प्रार्थनापत्र पर कोर्ट ने फैज, नादिया और उजैर के खिलाफ मुकदमे के आदेश दिए हैं। उधर, उजैर का कहना है कि उसने फेसबुक पर दोस्ती के बाद युवती की मदद की थी। वह नौकरी की तलाश में थी। उजैर की बुआ ताजगंज क्षेत्र में रहती हैं। उसने शहजादी को बुआ के घर भेज दिया। दुबई में बुआ के 4 महीने के बेटे की हत्या हुई थी। इसमें नादिया को साक्ष्यों के आधार पर सजा हुई है। युवती के परिवार वाले दबाव बना रहे हैं। पूर्व में पुलिस से शिकायत की थी। मगर, जांच में उस पर लगे आरोप गलत निकले। इस पर कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया। वह अपना पक्ष पुलिस के सामने रखेंगे। पिछले साल उन्होंने भी पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत की थी। मगर, मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। उजैर की हींग की मंडी में जूते की ुकान है।

## कांवड़ यात्रा बहस: मायावती ने कहा- सरका वापस ले आदेश, राकेश टिकैत बोले-दंगा झेल चुके नई शुरुआत न होनें देंगे

कांवड़ यात्रा वाले मार्ग पर स्थित ठेले वालों, ढाबों और होटलों पर नाम लिखने के आदेश ने तूल पकड़ा तो बसपा सुप्रीमों ने भी इस मामले को लेकर एक्स पर पोस्ट करते हुए इस आदेश का वापस लेने की बात कही है।कांवड़ यात्रा को लेकर मुजफ्फरनगर के एसएसपी ने कांवड़ यात्रा वाले मार्ग पर स्थित ठेले वालों, ढाबों और होटलों पर प्रोपराइटर व संचालकों के नाम लिखने के आदेश दिए हैं। पुलिस ने हाईवे व नगर में आदेशों का पालन कराना भी शुरू कर दिया है। इसे लेकर देशव्यापी बहस शुरू हो गई है। इसे लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी एक्स पर पोस्ट की है। मार्ग पर स्थित ठेले वालों, ढाबों और होटलों पर प्रोपराइटर व संचालकों के नाम लिखने के आदेश दिए हैं।

# बेटे को डाक कांवड़ लेने जाना था... मां हो गई बेहोश, बारिश के पानी से भरे गड्ढे में डूबने से छात्र की मौत

बहजोई के पवांसा में बारिश के पानी से भरे गड्ढे में डूबने से छात्र की मौत हो गई। इसकी जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। शव घर पहुंचा तो मां बेहोश हो गई। उनका कहना था कि कुछ दिन बाद बेटे को कांवड़ लेने जाना था। बहजोई थाना क्षेत्र के गांव पवांसा निवासी 12वीं के छात्र में सुमित ( 18 ) की बुधवार की सुबह नौ बजे ईंट भट्ठे के गड्ढे में भरे बारिश के पानी में नहाते डूबकर मौत हो गई। जबकि



और राहुल ने जान बचाई। पोस्टमार्टम के है।गांव पवांसा शर्मा उर्फ बिंटू 12वीं का छात्रा सुबह सुमित कुलदीप के साथ नजदीक एक ईंट बारिश के पानी में उसके साथ दीपांशु किसी तरह अपनी पुलिस ने शव लिए भेज दिया निवासी करनपाल शर्मा का बेटा सुमित था। बुधवार की मोहल्ले के अपने दोस्त गया था। गांव के भट्ठे के गड्ढे में भरे सुमित और उसके दोस्त कुलदीप, राहुल, दीपांशु और हर्षित नहाने लगे।इसी दौरान सुमित गहराई में पहुंचा तो डूबने लगा। दीपांशु और राहुल ने उसे बाहर निकालने का प्रयास किया तो वह भी डूबने लगे। जिस पर किसी तरह दीपांशु और राहुल तो गड्ढे से बाहर निकल आए, लेकिन सुमित डूब गया। दोस्तों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग एकत्र हो गए और सुमित को बाहर निकाला। परिजन उसे उपचार के लिए चिकित्सक के पास ले गए, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया। बहजोई थाना प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थे और छात्र को अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तमाशबीन बनी रही यूपी 112 पुलिस- ग्रामीणों ने बताया कि सुमित के डूबने के बाद परिजनों के साथ ही गांव के काफी लोग एकत्र हो गए। परिजनों ने लोगों की मदद से सुमित को बाहर निकाला तो यूपी डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। उनके पास गाड़ी भी थी, लेकिन यूपी डायल 112 पुलिस सुमित को अस्पताल ले जाने के बजाए तमाशबीन बनी रही। काफी देर बाद बहजोई थाना प्रभारी योगेश कुमार मौके पर पहुंचे और अपनी गाड़ी से सुमित को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। यदि यूपी डायल 112 पुलिस सुमित को अपनी गाड़ी से अस्पताल ले जाती तो शायद समय से उपचार मिलने पर उसकी जान बच जाती। रोते हुए मां बोली, डाक कांवड़ लेने जाता सुमित- सुमित की मौत के बाद मां सर्वेश देवी का रो-रोकर बुरा हाल था। वह बार-बार रोते हुए कह रही थीं कि महाशिवरात्रि पर सुमित हरिद्वार से डाक कांवड़ लेने के लिए जाता। वह काफी दिनों से डाक कांवड़ लाने की जिद कर रहा था। जिसके बाद परिजनों ने भी सहमति दे दी थी। जिसके बाद उसने तैयारी भी कर ली थी। बोलीं सुबह कुछ देर में आने की बात कहकर घर से निकला था। वह तो नहीं आया, लेकिन कुछ देर बाद उसके डूबने की सूचना मिली। पहले भी हो चुके हैं ऐसे हादसे- हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर मालनी में 28 जून को 14 वर्षीय समरीन और 10 वर्षीय अब्दुल कादिर की ईंट भट्ठे के गड्ढे में डूबने से मौत हो गई थी। इसमें एक छह वर्षीय बालक जीशान को लोगों ने बचा लिया था। यह गड्ढा भी ईंट भट्ठे की मिट्टी के लिए खोदा गया था। बारिश का पानी भरने से तालाब बन गया था। बच्चे नहाने के लिए उतरे तो हादसे का शिकार हो गए।

# साइबर फ्रॉड्स के निशाने पर छात्राएं : अश्लील वीडियो देख रही हो, पापा को बता दूं... कहकर जालसाज ऐंठ रहे रकम

